an>

Title: Regarding setting up of Central University in Himachal Pradesh.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का अवसर प्रदान किया। मेरे लोक सभा क्षेत्र में देहरा विधान सभा क्षेत्र के अंदर सेंट्रल यूनिवर्सिटी का विÂषय बड़े लंबे समय से पेंडिंग है, जिसे लगभग चार वष्Âान हो गए। वहां लगभग 900 एकड़ जमीन उपलब्ध है, जिसका फारेस्ट क्लियरेंस भी हो चुका है। पिछले चार वष्Âाोों से प्रदेश सरकार के कारण उस पर आगे काम नहीं बढ़ पा रहा है। एक अलग भवन में चार साल से क्लासेज चल रही हैं, जिससे छात्रों को नुकसान पहुंच रहा है।

मैं आपके माध्यम से एचआरडी मिनिस्ट्री से निवेदन करना चाहूंगा कि जल्द से जल्द वहां पर उसका शिलान्यास किया जाए और उस पर काम किया ताकि सेंट्रल यूनिवर्सिटी का जो सपना हिमाचल ने देखा था, वह पूरा हो सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री चन्द्र प्रकाश जोशी और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।